चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 12-7-24 | 2 | 5-6 |

The Tribune
ESTABLISHED IN 1881

# Agricultural university set to hold entrance exam on July 14

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, JULY 11
Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University is all set to conduct its entrance examination for admission to various courses, including the Bachelor of Fisheries Science (BFSc) four-year course, BSc Agriculture (six-year course), BSc Community Science, MSc Agriculture, MTech Agricultural Engineering, MFSc course, MSc Community Science, on July 14.

Vice-Chancellor Prof BR Kamboj said 4,525 candidates had applied for admission in various courses. He said admit cards had been issued to all candidates, adding that 12 examination centres had been set up in Hisar town.

Registrar Dr.Balwan Singh Mandal said strict vigil would be ensured against cheating and impersonation during the exam. Special inspection teams had been formed for this purpose. Each candidate would also be photographed. He said candidates would not be allowed to carry electronic devices like mobile phones, calculators and electronic diaries inside the examination centres.

University's Controller of Examinations Pawan Kumar said candidates would have to download their admit card and bring it along with an attested photograph. Without the admit card, they would not be able to enter the examination centre, he said. He said the time of the entrance examination for BFSc four-year course would be 10 am to 1.30 pm, for BSc (Hons.) community science, it would be 2.30 pm to 5 pm; and for the remaining courses, it would be 10 am to 12.30 pm, but it would be mandatory for the candidates to reach their examination centre one hour before the commencement of the examination. He said in case of any problem or confusion, candidates could come and meet the Assistant Registrar (Academic) at Fletcher Bhawan of the university from 7 am to 2 pm, otherwise they could call on the office phone number 01662-255254. He said candidates could check important information related to the entrance exam in the prospectus available on the university website hau.ac.in and admissions.hau.ac.in.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 12.7.24 | 11 | 1-3 |

# एचएयू की प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को, 12 केंद्रों पर 4525 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

## तैयारी पूरी : प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर किए अपलोड

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एमएफएससी कोर्स, एमएससी कोम्युनिटी साइंस के लिए 14 जुलाई को होगी । इसके लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए। इन परीक्षा केंद्रों पर 4525 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी करने के साथ प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि. परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर सभी सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

### नकल रोकने को निगरानी, फोटोग्राफी की जाएगी

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी की जाएगी। उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलेक्ट्रॉनिक डायरी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

### विद्यार्थी परीक्षा केंद्र पर एक घंटा पहले पहुंचें

एचएयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (ऑनर्स) कम्युनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से शाम 5 बजे जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रात: 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पहले अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक आकर मिल सकते हैं। कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां विवि की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्पेक्ट्स में देख सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 12-7-24 | 5 | 1-3 |

# एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 14 जुलाई को होगी परीक्षा

## परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कर दिए गए हैं अपलोड

हिसार, 11 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएससी कोम्युनिटी साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चरल इंजिनियरिंग, एमएफएससी कोर्स, एमएससी कोम्युनिटी साइंस के लिए 14 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4525 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इन सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी करने के साथ प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर सभी सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकूलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रात:10 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (आनर्ज) कम्युनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सायं 5 बजे जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रात: 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in ¥õÚU admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि प्रवेश परीक्षा संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 12.7.24 | 9 | 5-8 |

### एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 14 को परीक्षा

# 12 परीक्षा केंद्रों पर 4225 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कोम्युनिटी साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चरल इंजिनियरिंग, एमएफएससी कोर्स, एमएससी कोम्युनिटी साइंस के लिए प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को होगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने गुरुवार को बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4525 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इन सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी करने के साथ प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर सभी सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

## मुन्नाभाई पर रहेगी पैनी नजर

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल




करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकूलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

## एक घंटा पहले पहुंचना होगा

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (आनर्ज) कम्यूनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सांय 5 बजे जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि प्रवेश परीक्षा संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सच कहूं | 12.7.24 | 6 | 7-8 |

# एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 14 को होगी परीक्षा

● परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कर दिए गए हैं अपलोड

हिसार, सच कहूँ न्यूज।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएससी कोम्युनिटी साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चरल इंजिनियरिंग, एमएफएससी कोर्स, एमएससी कोम्युनिटी साइंस के लिए 14 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4525 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इन सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी करने के साथ प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर सभी सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 12.7.24 | 4 | 4-5 |

# एचएयू में 14 को होगी प्रवेश परीक्षा 4525 परीक्षार्थियों के लिए 12 केंद्र

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएससी कोम्युनिटी साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एमएफएससी कोर्स, एमएससी कम्युनिटी साइंस के लिए प्रवेश परीक्षाएं 14 जुलाई को होंगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4525 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। विश्वविद्यालय सहित शहर में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा।

## परीक्षार्थी को एक घंटा पहुंचना होगा परीक्षा केंद्रों पर

प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (ऑनर्स) कम्यूनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सांय 5 बजे जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक हेल्प लाइन सेंटर बना रहेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 12.7.24 | 2 | 4 |

## हकृवि में प्रवेश परीक्षा 14 को, तैयारियां पूरी

### 12 केन्द्रों पर होगी परीक्षा

हिसार, 11 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एफ.एस.सी. चार वर्षीय कोर्स, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बी.एस.सी. कोम्युनिटी साइंस, एम.एससी. एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एम.एफ.एस.सी. कोर्स, एम.एससी. कोम्युनिटी साइंस के लिए 14 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4525 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इन सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी करने के साथ प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर सभी सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रॉनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 12-7-24 | 3 | 7-8 |

## एचएयू में प्रवेश परीक्षा 14 को होगी

जासं • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 14 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस दिन बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एमएफएससी कोर्स, एमएससी कम्युनिटी साइंस की परीक्षा होगी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4,525 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। हिसार शहर में 12 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि नकल रोकने के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 11.07.2024 | --- | -- |


## एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 14 जुलाई को होगी परीक्षा

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कोम्युनिटी साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चरल इंजिनियरिंग, एमएफएससी कोर्स, एमएससी कोम्युनिटी साइंस के लिए 14 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4525 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इन सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी करने के साथ प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर सभी सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।




कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 11.07.2024 | --- | -- |

# एचएयू में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 14 को, 4525 ने किया आवेदन

पांच बजे न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएससी कोम्युनिटी साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटेक एग्रीकल्चरल इंजिनियरिंग, एमएफएससी कोर्स, एमएससी कोम्युनिटी साइंस के लिए 14 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।




विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4525 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इन सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी करने के साथ प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर सभी सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, केलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (आनर्ज) कम्युनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सांय 5 बजे जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्टपेक्टस में देख सकते है। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि प्रवेश परीक्षा संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।